## एक नजर में

### कोचिंग से घर लौट रहे छात्र की बाइक फिसली

**ब्यावरा 24 जुलाई, का.** शहर के अपना नगर में गुरुवार दोपहर बाइक से कोचिंग से घर लौट रहे 17 वर्षीय छात्र की बाइक बाघ वाले बालाजी मंदिर के पास फिसल गई. हादसे में छात्र गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया. जानकारी के अनुसार, छात्र विनायक नगर का निवासी है और कक्षा 11वीं में पढ़ाई करता है. दोपहर करीब 3 बजे वह अपने कोचिंग से घर लौट रहा था. जैसे ही वह बाग वाले बालाजी मंदिर के पास पहुंचा, सड़क पर फैली कीचड़ और मिट्टी के कारण उसकी बाइक फिसली और वह नीचे गिर गया. घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल छात्र को तुरंत शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया. डाक्टरों के अनुसार, छात्र को गंभीर चोटें आई हैं और उसकी हालत स्थिर बनी हुई है.

### पॉलीटेक्निक द्वितीय वर्ष में आवेदन 26 तक

**राजगढ़ 24 जुलाई, का.** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय राजगढ में तकनीकी शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा संचालित डिप्लोमा पाठ्यक्रम इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, केमिकल इंजिनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग और मैकेनिकल इंजीनियरिंग के द्वितीय वर्ष में कुछ ही रिक्त सीटों के विरुद्ध 2 वर्षीय आई टी आई उत्तीर्ण या पी सी एम के साथ 12 वीं पास को मिलेगा सीधे पॉलीटेक्निक डिप्लोमा के द्वितीय वर्ष में प्रवेश. प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ हो चुके है. प्रवेश के लिए इच्छुक छात्र छात्राएं संस्था में उपस्थित होकर या डी टी ई काउंसलिंग पोर्टल पर एम पी ऑनलाइन कियोस्क सेन्टर / स्वयं के द्वारा रजिस्ट्रेशन करा कर काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग ले सकते है. संस्था में प्रवेश प्राप्त छात्र छात्राएं विभिन्न योजनायें का लाभ योग्यता अनुसार प्राप्त कर सकेंगे.

### 15 दिनों में करें भूमि रिकॉर्ड संशोधन आपत्ति

**राजगढ़ 24 जुलाई, का.** अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी निधि भारद्वाज द्वारा बताया गया कि ग्राम कालीतलाई तहसील खुजनेर निवासी आवेदक खातेदार देवचन्द पिता शंकरलाल द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक खातेदार के अलावा अन्य खातेदार बद्रीलाल पिता शंकरलाल, मांगीबाई पिता शंकरलाल, गेन्दीबाई बैवा शंकरलाल, भंवरलाल पिता गटटूलाल के नाम से ग्राम व पंचायत कालीतलाई पहनं. 05 तहसील खुजनेर में सर्वे नंबर 19 रकबा 1.101 है. में दर्ज थी। किंतु वर्तमान राजस्व रिकार्ड वर्ष 2026-27 अनुसार उपरोक्त भूमि में से 19/1 व 19/2 से रामसिंह पिता अमरसिंह व हजारी पिता हजारीलाल दांगी के नाम को पोर्टल पर दर्ज है. जिससे आवेदक व अन्य खातेदारों को शासन की समस्त योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं पा रहा है. आवेदको द्वारा उपरोक्त भूमि 19/1 व 19/2 से रामसिंह पिता अमरसिंह व हजारी पिता हजारीलाल दांगी के नाम को पोर्टल पर से हटाये जाने/विलोपित करने व स्वयं के नाम उक्त भूमि इंद्राज किये जाने का एक आवेदन इस न्यायालय में इंद्राज दुरूस्ती / संशोधन करने हेतु धारा 115,116 के तहत प्रस्तुत किया गया है. अतः जिस किसी भी ग्रामवासी कोई भी आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से सूचना जारी होने के 15 दिवस के अंदर प्रस्तुत कर सकता है.

# कब्जा हटाने के विरोध में सड़क पर बैठे व्यापारी

## 250 दुकानदारों को नोटिस थमाने के बाद दूसरे दिन 40 दुकानों पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई

### रास्ता जाम किया, गलियों से निकले बड़े वाहन

नवभारत न्यूज

**सुठालिया 24 जुलाई सं. सुठालिया नगर में अतिक्रमण मुहिम के दूसरे दिन व्यापारियों ने सड़क पर कब्जा हटाने के विरोध में धरना दिया. अतिक्रमण की कार्यवाही लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को भी जारी रही. प्रशासन और नगर परिषद की संयुक्त टीम ने मंडी क्षेत्र के बाहर दुकानों के सामने बने अवैध कब्जों को हटाया. इस दौरान करीब 40 दुकानों के आगे से टीन शेड, चबूतरे और अन्य अस्थायी निर्माण जेसीबी की मदद से ढहाए गए.**

कार्रवाई के दौरान कुछ दुकानदारों ने विरोध जताते हुए सड़क पर बैठकर जाम लगा दिया, जिससे मुख्य मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात ठप हो गया. स्थिति बिगड़ती देख बसों और अन्य गाड़ियों को शहर की अंदरूनी गलियों से गुजारा गया. बाद में अधिकारियों की समझाइश और पुलिस के हस्तक्षेप के बाद जाम खत्म हुआ.



### दो दिन की आखिरी मोहलत और सख्त चेतावनी



जाम हटने के बाद प्रशासन ने दुकानदारों को खुद ही अतिक्रमण हटाने के लिए दो दिन की अंतिम मोहलत दी है. सीएमओ वीरेंद्र चक्रवर्ती ने साफ कहा कि तय समय के बाद यदि कब्जे नहीं हटाए गए, तो नगर परिषद खुद कार्रवाई करेगी और उसका पूरा खर्च संबंधित दुकानदारों से ही वसूला जाएगा. उन्होंने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा. उन्होंने बताया कि बेवजह अतिक्रमण से सड़कों की यातायात, सुंदरता, निकासी आदि बाधित होती है. शहर को व्यवस्थित रखने के लिए यह जरूरी है.

### 250 दुकानदारों को मिले नोटिस, मुनादी के बाद कार्यवाही

स्थानीय प्रशासन द्वारा की जा रही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के समय तहसीलदार रामनिवास धाकड़, नगर परिषद सीएमओ वीरेंद्र चक्रवर्ती और थाना प्रभारी अनिल राहोरिया समेत भारी पुलिस बल मौजूद रहा. प्रशासन ने बताया कि नगर परिषद पहले ही करीब 250 दुकानदारों को नोटिस जारी कर चुकी थी और मुनादी कराकर चेतावनी भी दी गई थी. इसके बाद अतिक्रमण को लोगों द्वारा स्वयं नहीं हटाने के बाद प्रशासन को अपनी ओर से कार्यवाही करनी पड़ी है. नगर को व्यवस्थित और सुंदर बनाए रखने के लिए मुहिम को चलाया जा रहा है.



### शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया

**ब्यावरा 24 जुलाई, का.** प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और बच्चों की सीखने की क्षमता को मजबूत करने के लिए एक व्यापक पहल शुरू की गई है. शुक्रवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत संचालित बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान एफएलएन अभियान के अंतर्गत कक्षा 1 और 2 के शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों का प्रशिक्षण दिया गया.

इसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बच्चे शुरुआती कक्षाओं में ही पढ़ने, लिखने और गणित की बुनियादी दक्षता हासिल कर सकें. जो उनकी आगे की शिक्षा की मजबूत नींव है. यह प्रशिक्षण विकासखंड के सभी जन शिक्षा केंद्रों पर चरणबद्ध तरीके से आयोजित किया जा रहा है. इसमें शिक्षकों को केवल सैद्धांतिक जानकारी ही नहीं, बल्कि गतिविधि आधारित शिक्षण, प्रभावी लेसन प्लान बनाना, कक्षा प्रबंधन और बच्चों की सीखने की प्रगति का मूल्यांकन करने के व्यावहारिक तरीके भी सिखाए जा रहे हैं.

इस दौरान शिक्षक अपने अनुभव साझा कर एक-दूसरे से सीख भी रहे हैं.प्रशिक्षण के दौरान विद्यालयों में समय-सारणी के अनुसार नियमित शिक्षण, शिक्षक संदर्शिका के अनुरूप लेसन प्लान का पालन, प्रत्येक बच्चे की वर्कबुक पर नियमित कार्य और भाषा व गणित की कक्षा-स्तरीय दक्षता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है.



# खुले बाजार में बेच रहे चोरी के मोबाइल

## 45 मोबाईल चोरी के आरोपियों को धर दबोचा

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 24 जुलाई, का. 45 मोबाईल फोन (कीमत लगभग 6.75 लाख) जब्त, तीन आरोपी गिरफ्तार राजगढ़ पुलिस ने चोरी के मोबाइल फोन को नया बताकर कम कीमत में बेचने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लगभग 6.75 लाख मूल्य के 45 मोबाइल फोन एवं अन्य महत्वपूर्ण सामग्री बरामद करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है.**

10 जुलाई को फरियादी बनवारी पिता फूलसिंह सौंधिया, निवासी ग्राम गादियामेर, थाना खिलचीपुर थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसने खिलचीपुर के सुभाष चौक स्थित एक मोबाईल दुकान से संचालक इरशाद खान एवं इरफान खान से कंपनी का मोबाइल 14 हजार में नया बताकर खरीदा था. बाद में मोबाईल का पुलिस पोर्टल पर सत्यापन कराने पर ज्ञात हुआ कि उक्त मोबाइल सुमित रघुवंशी निवासी होशंगाबाद के नाम से पंजीकृत है. इससे स्पष्ट हुआ कि फरियादी को चोरी का मोबाइल नया बताकर धोखाधड़ीपूर्वक बेचा गया है.

थाना खिलचीपुर एवं साइबर टीम ने तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर तंत्र के की मदद से आरोपी इरफान खान को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई, जिसके कब्जे से 16 चोरी के मोबाइल फोन, बिना बिल के मोबाइल एवं कच्ची रसीदें बरामद हुईं. पूछताछ के आधार पर दूसरे आरोपी इरशाद खान को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 24 मोबाइल फोन बरामद किए गए. दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ करने पर उन्होंने चोरी के मोबाइल इंदौर निवासी जीतेंद्र वासवानी से खरीदना स्वीकार किया. इसके बाद पुलिस टीम ने इंदौर से आरोपी जीतेंद्र पिता जगदीश वासवानी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 05 मोबाइल फोन एवं मोबाइल विक्रय संबंधी बिल-रसीदों के कट्टे बरामद किए. पुलिस की इस त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई से चोरी के मोबाइलों की खरीद-फरोख्त करने वाले गिरोह का सफलतापूर्वक खुलासा किया गया. गिरफ्तार आरोपियों में इरफान खान पिता बफाती खान, निवासी खिलचीपुर, इरशाद खान पिता बफाती खान, निवासी खिलचीपुर, जीतेंद्र पिता जगदीश वासवानी, निवासी इंदौर शामिल है.

# खबर का असर : सब्जी मण्डी से हटाए गंदगी के ढेर

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 24 जुलाई, सं. नगर की फल-सब्जी मंडी में पिछले लगभग दो माह से गंदगी का अंबार लगा हुआ था. जहां पूरे मंडी परिसर में जगह-जगह सड़े-गले फल-सब्जी के ढेर लगे थे. फल और सब्जियां खुले में फेंकी जा रही थीं, जो कचरे के ढेर के रूप में सड़कर बदबू मार रही थीं.**

इस समस्या को नवभारत समाचार पत्र ने प्रमुखता से प्रकाशित कर प्रशासन के संज्ञान में लाया था. खबर प्रकाशित होने के बाद मंडी प्रशासन हरकत में आया. सब्जी-फल क्रेताओं, विक्रेताओं सहित आसपास के रहवासी इस गंदगी और बदबू से काफी परेशान थे. गौरतलब है कि जीरापुर मंडी से सैकड़ों किसानों, व्यापारियों और मजदूर वर्ग की आजीविका जुड़ी है. गंदगी के कारण बीमारी फैलने का भी अंदेशा बना हुआ था. जबकि मंडी प्रशासन द्वारा प्रतिदिन फल-सब्जी पर लगने वाला टैक्स भी वसूला जाता है. इसके बावजूद साफ-सफाई नहीं हो रही थी.

इस संबंध में जब मंडी सचिव हरीप्रसाद वर्मा से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा था मामला मेरे संज्ञान में आया कल ही सफाई करवा दी जाएगी, लेकिन समाचार प्रकाशन पर भी सफाई नहीं होने पर उक्त जानकारी से तहसीलदार सोनू गुप्ता को अवगत कराया गया जिसपर शुक्रवार को सब्जी मंडी परिसर को तुरंत सफाई कर्मचारियों को लगाया गया है और पूरे मंडी परिसर से सड़े-गले फल-सब्जी के ढेर जेसीबी एवं ट्रेक्टर ट्राली में भरकर हटवाकर साफ-सफाई करवाई गई है.



### नवोदय में प्रवेश 31 तक

**राजगढ़ 24 जुलाई, का.** जवाहर नवोदय विद्यालय कचनारिया सुस्तानी राजगढ़ में कक्षा 6वीं में सत्र 2027-28 में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं. ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2026 है. परीक्षा 28 नवम्बर, 2026 को आयोजित की जाएगी. सत्र 2026-27 में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी ही आवेदन कर सकते है. वे छात्र ही आवेदन के पात्र है जिनके पालक राजगढ़ जिले के निवासी एवं छात्र कक्षा 5वीं में अध्ययनरत हो.

# ढाकनी गांव में 551 सीड बॉल से बनेगा जीवित जंगल

नवभारत न्यूज

**पडाना 24 जुलाई, सं. धरती को फिर से हरा-भरा करने के लिए अब फावड़ा और गड्ढा जरूरी नहीं. मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था वीर शिवाजी सेवा समिति और ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, ढाकनी ने इसका प्रमाण देकर दिखाया है.**

सारंगपुर जनपद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला छोटे से गांव के समिति सदस्यों ने एकजुट होकर श्रमदान से 551 सीड बॉल तैयार कीं. लक्ष्य साफ है - बिना ज्यादा खर्च के, प्रकृति की मदद से जंगल वापस लाना.

### बीज में छिपा है गांव का भविष्य

सीड बॉल में नीम, जामुन, आंवला और इमली के बीज डाले गए हैं. ये चारों पेड़ हमारे क्षेत्र की पहचान हैं। गर्मी सहन करते हैं, कम पानी में टिकते हैं, फल देते हैं और दवा का काम भी आते है. समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि बाहरी प्रजातियां लगाने के बजाय स्थानीय बीज चुनना ही इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत है.रोपण का तरीका भी बेहद अनूठा है. इन सीड बॉल्स को खेत और चरागाह के किनारे उगी कांटेदार झाड़ियों के बीच रखा जाएगा. संस्था अध्यक्ष के अनुसार खुली जगह में पौधे लगाओ तो 10 में से 8 मवेशी खा जाते हैं या धूप से सूख जाते हैं. लेकिन झाड़ी के बीच बीज सुरक्षित रहेगा. बारिश आएगी, नमी मिलेगी और बीज खुद फूटकर पौधा बन जाएगा. हमें रोज पानी देने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी. इस पूरे अभियान की लागत नगण्य है. सारा काम श्रमदान से हुआ. नर्सरी का खर्च, न पाइपलाइन, न माली. समिति का सपना है कि 2-3 मानसून में ये सीड बॉल एक घनी हरित पट्टी में बदल जाएं. इससे गांव का तापमान घटेगा, पक्षी वापस आएंगे, मिट्टी बंधेगी और जैव विविधता को नया जीवन मिलेगा.

# संतोष मित्तल हायर सेकेंडरी स्कूल में किया पौधारोपण

नवभारत न्यूज

**पचोर 24 जुलाई, सं. पर्यावरण संरक्षण एवं हरित पचोर के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से लायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा संतोष मित्तल हायर सेकेंडरी स्कूल, में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें विभिन्न प्रकार के फलदार पौधे जामुन, आम, अमरूद, नारियल, चीकू लगाए गए.** इस अवसर पर लायंस क्लब के सदस्यों एवं विद्यालय परिवार ने पौधों के संरक्षण और नियमित देखभाल का संकल्प लिया. कार्यक्रम में लायंस क्लब अध्यक्ष डॉ इंसाफ अंसारी ने कहा कि फलदार पौधे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ पक्षियों एवं जीव-जंतुओं के लिए भी उपयोगी होते हैं. क्लब के सदस्यों ने आमजन से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की.

इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष डॉक्टर इंसाफ अंसारी, सचिव डॉ राकेश वर्मा कोषाध्यक्ष स्वप्निल गुप्ता, डिस्ट्रिक कॉर्डिनेटर जेपी उदावत, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन मनीष अग्रवाल, दीपक माहेश्वरी, सूरज गुप्ता, मनोज अहिरवार, आरिफ खान, गजेंद्र मंडलोई, कमल राठौर संस्था प्राचार्य, संस्था प्रबंधक संजय सोनी सहित संस्था के छात्र छात्राएं भी उपस्थित थे.






**मशाल जुलूस** ▶ **नगर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग**

# इस्तीफे की मांग पर कांग्रेस का मशाल जुलूस

नवभारत न्यूज

**माचलपुर 24 जुलाई, सं. जिले के माचलपुर में गुरुवार रात कांग्रेस ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर कथित लाठीचार्ज के विरोध में मशाल जुलूस निकाला.**

नगर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित इस प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर नारेबाजी की. जुलूस के दौरान नगर में करीब दो घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही. इसके बावजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मशालों, तिरंगों और बैनरों के साथ जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों और चौराहों से होकर गुजरा. बैनरों पर नीट पेपर लीक से जुड़े मामलों में जान गंवाने वाले छात्र-छात्राओं की तस्वीरें भी लगाई गई थीं. जुलूस के समापन पर शहीद कल्याण चौराहे पर आयोजित नुक्कड़ सभा में पूर्व विधायक रामप्रसाद दांगी ने केंद्र सरकार पर युवाओं की आवाज दबाने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि एक मंत्री को बचाने के लिए लाखों युवाओं के भविष्य से समझौता किया जा रहा है. उन्होंने यह भी कहा कि युवाओं का आक्रोश सरकार के खिलाफ बढ़ रहा है.

जिला पंचायत सदस्य एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष यशवंतसिंह गुर्जर ने कहा कि पेपर लीक की घटनाओं से लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ है. उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर लाठीचार्ज और आंसू गैस का इस्तेमाल किया गया, जिसकी कांग्रेस निंदा करती है.

उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग दोहराई. जुलूस में नगर कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र गोयल, मोहनसिंह पंवार, श्याम तेजरा, जसवंतसिंह गुर्जर, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष देवेंद्र गुर्जर, राजेंद्रसिंह आमलाबे, गोपाल सौंधिया सहित कांग्रेस के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता और युवा शामिल रहे




